>

Title: Need to undertake repair and renovation of historical buildings in Fatehpur Sikri and Tajganj in Uttar Pradesh.

श्रीमती सीमा उपाध्याय (फतेहपुर सीकरी): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित फतेहपुर सीकरी और ताजगंज की इमारतें घोषित हैं। सदियों पुरानी इन इमारतों की स्थिति आज अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। इन इमारतों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी से जो लोग रहते आए हैं, डरे-सहमे हुए हैं क्योंकि वे इनकी मरम्मत खुद नहीं करा सकते। कानूनन इन स्मारकों में कोई किसी प्रकार का मरम्मत और निर्माण कार्य नहीं करा सकता। जो लोग इन स्मारकों में र ह रहे हैं उनमें से ज्यादातर की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है कि वे कहीं अन्यत्र जा कर मकान बना कर रह लें वे मजबूर हैं इन जर्जर प्राचीन इमारतों में रहने के लिए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग इन भवनों की देखरेख करता है परंतु मरम्मत और अन्य सुधार की अनुमति विभाग ने न तो किसी को दी है और न ही खुद करवा रहा है। लोग असमंजस में है कि इन भवनों में वे कैसे अपनी जान-जोखिम में डाल कर रहें।

संस्कृति मंत्रालय ऐसे जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार अविलंब करवाए। ऐसे प्राचीन इमारतों का जीर्णोद्धार कर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। ऐसा मंत्रालय ने जोधपुर फोर्ट का जीर्णोद्धार किया भी है। इससे न तो सिर्फ पर्यटन उद्योग बढ़ेगा बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार का सुअवसर मिलेगा

मेरी मांग है कि फतेहपुर सीकरी और ताज गंज की प्राचीन जर्जर इमारतों में मजबूरन अपनी जान-जोखिम में डाल कर रह रहे लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जर्जर प्राचीन भवनों की मरम्मत की अनुमति दी जाए या खुद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग अविलंब प्राचीन भवनों की मरम्मत करवाए।